कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी , प्रारंभिक शिक्षा , जोधपुर

प्रमाण - पत्र

सरस्वती इन्टरनेशनल ट्रस्ट ,लहरिया होटल के पास ,चौपासनी बाईपास रोड़,जोधपुर(संस्था का नाम) द्वारा संचालित,**संस्कार इन्टरनेशनल स्कूल,लहरिया होटल के पास,चौपासनी बाईपास रोड़,जोधपुर** (विद्यालय का नाम) को राजस्थान राज्य में सबके लिए शिक्षा के लक्ष्य एवम् गैर सरकारी संस्थाओं को लक्ष्य प्राप्ति के लिए निभाई जा रही भूमिका के दृष्टिगत राज्य सरकार के आदेश संख्या :- प0(68) शिक्षा-5/2004 पार्ट जयपुर दिनाँक 01.02.2006 के अनुसरण में संस्था को निम्न आधार पर उच्च प्राथमिक (माध्यम - ~~हिन्दी~~ / अंग्रेजी) स्तर पर मान्यता दी हुई माने जाने का प्रमाण - पत्र सत्र 2006 - 07 से जारी किया जाता है ।

(1) संस्था द्वारा प्रस्तुत राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था नियम 1993 के परिशिष्ठ - 1 में अंकित सूचनाएं परिशिष्ठ-2 में यथा निर्दिष्ठ निर्बन्धनों तथा शर्तो की पूर्ति एवमं इस बात के समर्थन में प्रस्तुत शपथ-पत्र अनुसार कमी पाये जाने पर जारी प्रमाण-पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जा सकता है।

(2) संस्था द्वारा राज्य सरकार,आयुक्त प्रारंभिक शिक्षा,निदेशक माध्यमिक शिक्षा,उप निदेशक माध्यमिक/ प्रारंभिक शिक्षा , जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक / प्रारंभिक शिक्षा एवमं ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले आदेशों , निर्देशों व अनुदेशों का तत्परता से पालन करने एवं उनसे समय-समय पर मांगी जाने वाली अन्य सूचनाएं उपलब्ध कराने हेतु संस्था पाबन्द होगी। अवमानना की स्थिति में जारी प्रमाण-पत्र प्रत्याहरित करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेगा ।

(3) संस्था के विद्यार्थी किसी अन्य गैर सरकारी शिक्षण संस्था अथवा सरकारी विद्यालय में प्रवेश हेतु पात्र होंगे , परन्तु इस प्रयोजनार्थ इन्हें संस्था द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा अथवा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित समान परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी ।

(4) राजस्थान सरकार के नवीन निर्देशानुसार प्रत्येक संस्था को प्रत्येक तीन वर्ष में अपने द्वारा संचालित विद्यालय भवन का 'भवन सुरक्षा प्रमाण - पत्र' मय ब्ल्यू प्रिंट के सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर सहित प्रस्तुत करना होगा ।

(5) राजस्थान गैर सरकारी शिक्षण संस्थान नियम 1993 के नियम 23 के अनुरूप कार्यकारिणी का निर्वाचन कर प्रमाणित प्रति इस कार्यालय को समय-समय पर प्रस्तुत करनी होगी ।

जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारंभिक शिक्षा ,जोधपुर
दिनाँक :- 29/3/06

Reg. No: → क्रमांक :- जिशिअ/प्राशि/जोध/मान्यता/06/ F77 / 113

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ :-

(1) श्रीमान् आयुक्त , प्रारंभिक शिक्षा , राजस्थान , बीकानेर ।
(2) श्रीमान् उप निदेशक , प्रारंभिक शिक्षा , जोधपुर मंडल , जोधपुर ।
(3) श्रीमान् ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी , पंचायत समिति .... , जोधपुर ।
(4) संस्था सचिव , सरस्वती इन्टरनेशनल ट्रस्ट ,लहरिया होटल के पास ,चौपासनी बाईपास रोड़,जोधपुर ।
(5) रक्षक पत्रावली

जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारंभिक शिक्षा ,जोधपुर